भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +**54**
सोमवार, 18 नवम्बर, 2019/27 कार्तिक, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सबरीमाला मास्टर प्लान की स्थिति

+54. श्री राजमोहन उन्नीथनः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केरल राज्य में सबरीमाला मास्टर प्लान की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इस प्रयोजन हेतु कितनी निधि आबंटित और उपयोग की गई है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में कोई अभ्यावेदन/अनुरोध प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): केरल सरकार के पर्यटन विभाग ने सूचित किया है कि उन्होंने सबरीमाला के विकास के लिए कोई मास्टर प्लान तैयार नहीं किया है ।

(ख) से (घ): पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना - थीम आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास के अंतर्गत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है । योजना के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाएं राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से पहचानी जाती हैं तथा निधियों की उपलबधता, संगत विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों का अनुपालन तथा पहले जारी निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृत की जाती हैं । उपरोक्त मानदंडों के आधार पर मंत्रालय ने केरल में सबरीमाला के विकास के लिए निम्नलिखित दो परियोजनाएं स्वीकृत की हैं:

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	परिपथ/स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि
1.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास	99.99	20.00
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्री पद्मनाभ - अर्नामुला - सबरीमाला का विकास	92.22	72.42

****